सरकूलर नं0 अपमा / 2016–2018 / 47 दिनांक : 16–2–2017

'अपमा होली मंगल मिलन, 2017''

माननीय व्यापारी बन्धुओं, आपको जानकर अति प्रसन्नता होगी कि दिनांक 13–1–2017 को अपमा कार्यालय में आयोजित अपमा कार्यकारिणी की द्वितीय बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष अपमा होली मंगल–मिलन कार्यक्रम का आयोजन शनिवार दिनांक 11 मार्च 2017 को ''तिकोना पार्क, कश्मीरी गेट दिल्ली–110006 में सायं 6.00 बजे से रात्रि 9.00 बजे तक बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया जाऐगा।

इस होली मंगल–मिलन के कार्यक्रम में आपके लिए स्वादिष्ट चटपटे व्यंजनों एवं ठण्डाई आदि के साथ आपके लिए मनोरंजन से भरपूर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का विशेष प्रबंध किया गया है। होली मंगल–मिलन स्थल पर केवल प्रवेश द्वार पर निमंत्रण कार्ड द्वारा ही प्रवेश होगा। (निमंत्रण कार्ड लाना अनिवार्य होगा। एवं होली मंगल–मिलन स्थल में किसी भी कर्मचारी को प्रवेश नहीं दिया जाऐगा। इसलिए आपसे निवेदन है कि आप होली मंगल मिलन में स्वयं आये एवं होली मंगल–मिलन को सफल बनायें।

साथियों, व्यापारी भाईयों के सुझावों को मद्देनजर रखते हुए होली मंगल–मिलन 2017 हेतु स्टेज, गेट, बैनर हेतु प्रायोजक(स्पान्सरकर्ता) आमंत्रित हैं। विज्ञापन की दरें इस प्रकार हैं :–

क्र0सं0	विज्ञापन की प्रकृति		दर(रूपयों में)
1.	स्टेज	–	51000 / – रूपये
2.	मुख्य गेट	–	31000 / – रूपये
3.	बैनर	–	5000 / –रूपये (प्रत्येक)

अतः इच्छुक व्यापारी भाईयों से विनम्र निवेदन है कि स्टेज, गेट एवं बैनर विज्ञापन के इस सबसे उत्तम, सुन्दर एवं सुनहरे अवसर का फायदा उठाने के लिए 'अपमा कार्यालय' में यथाशीघ्र अपना नाम बुक करायें। विज्ञापन का सुनहरा अवसर 'पहले आओ, पहले पाओ' की नीति पर आधारित है। आप इस कार्यक्रम को सुरूचिपूर्ण व सुन्दर बनाने के लिए अपने सुझाव भी 25 फरवरी 2017 तक दे सकते हैं, ताकि अपमा होली मंगल–मिलन के कार्यक्रम को और अधिक व्यवस्थित ढंग से हम आयोजित कर सकें।

(विष्णु भार्गव)
महासचिव